# अर्द्धवार्षिक परीक्षा– 2021–22
## कक्षा– 10वीं
## विषय– हिन्दी

समय–3 घण्टे | पूर्णांक–80

निर्देश :–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1 × 32 = 32 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न अंक 4 का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

**प्र01– सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1 × 6 = 6)**

i. गिरिजाकुमार माथुर की प्रारंभिक शिक्षा हुई–
(क) ग्वालियर में (ख) झाँसी में (ग) रीवा में (घ) दिल्ली में

ii. काव्य के भेद हैं–
(क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) पांच

iii. संचारी भावों की संख्या होती है–
(क) तैंतीस (ख) चार (ग) नौ (घ) छत्तीस

iv. मन्नू भंडारी का बचपन बीता–
(क) काशी में (ख) अजमेर में (ग) जयपुर में (घ) कानपुर में

v. 'हास्य रस' का स्थायी भाव है–
(क) ह्रास (ख) मुस्कान (ग) हास (घ) उत्साह

vi. भभूत लगाने से लेखक(शिवपूजन सहाय) बन जाते थे–
(क) बम–भोला (ख) श्रीराम (ग) श्रीकृष्ण (घ) गणेश

**प्र02– रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए–** **(1 × 7 = 7)**

i. 'आत्मकथ्य' कविता––––––––––––––गुण विद्यमान है। (ओज / प्रसाद)

ii. 'छाया मत छूना' पाठ की विधा––––––––––है। (कहानी / कविता)

iii. काव्या की शोभा बढ़ाने वाले तत्व–––––––––कहलाते हैं। (अलंकार / छंद)

iv. रस के––––––––––अंग होते है। (चार / नौ)

v. राष्ट्रभाषा के रूप में फादर–––––––––को देखना चाहते थे (हिन्दी / अंग्रेजी)

vi. मात्रिक छंद में––––––––––की गणना की जाती है। (मात्राओं / वर्णों)

vii. 'माता का अँचल' नामक अंश उपन्यास–––––––––––से लिया गया है। (देहाती दुनिया / दूसरी दुनिया)

**प्र03– सही जोड़ी बनाकर लिखिए–** **(1 × 6 = 6)**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| i. 'आत्मकथ्य | – (क) मन्नू भंडारी |
| ii. रस काव्य की | – (ख) शिवपूजन सहाय |
| iii. 'एक कहानी यह भी | – (ग) शरीर है |
| iv. 'नेताजी का चश्मा' | – (घ) जयशंकर प्रसाद |
| v. 'रामचरित मानस' | – (ङ) स्वयं प्रकाश |
| vi. 'माता का अँचल' | – (च) आत्मा है |
| | – (छ) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| | – (ज) महाकाव्य |

https://www.mpboardonline.com

प्र04—सत्य / असत्य लिखिए— (1 × 6 = 6)

i. गोपियाँ ऊधो को बड़भागी कह रही हैं।
ii. महाकाव्य खंडकाव्य से बड़ा होता है।
iii. फादर ने 'जिरोत संघ' मे धर्माचार की पढ़ाई की।
iv. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कथन आचार्य विश्वनाथ का है।
v. समास के तीन भेद होते हैं।
vi. 'तारकेश्वरनाथ' ही 'भोलानाथ' थे।

प्र05—एक वाक्य में उत्तर लिखिए— (1 × 7 = 7)

i. पाठ्य पुस्तक मे संग्रहित सूरदास के पद सूरसागर के किस प्रसंग से लिए गए हैं।
ii. वन के वैभव में क्या कूट—कूटकर भरा है ?
iii. 'वीर रस' का स्थायीभाव लिखिए।
iv. 'माँ' की उपमा किससे की गई है ?
v. सन्धि के कितने भेद होते हैं ?
vi. नाक किसका द्योतक होती है ?
vii. 'जार्ज पंचम की नाक' में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

प्र.06 'मृगतृष्णा' किसे कहते हैं,कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ? (02 अंक)

अथवा

फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ?

प्र.07 भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (02 अंक)

अथवा

प्रयोगवाद की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र.08 महाकवि सूरदास के काव्य की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। (02 अंक)

अथवा

जयशंकर प्रसाद के काव्य की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

प्र.09 गीतिका छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (02 अंक)

अथवा

हरिगीतिका छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (02 अंक)

अथवा

अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.11 फादर बुल्के को लेखक ने 'मानवीय करूणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है ? (02 अंक)

अथवा

मन्नू भंडारी के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ?

प्र.12 कहानी और उपन्यास मे दो अंतर लिखिए। (02 अंक)

अथवा

नाटक और एकांकी में दो अंतर लिखिए।

प्र.13 सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के साहित्य की भाषा—शैली लिखिए। (02 अंक)

अथवा

मन्नू भंडारी के साहित्य की भाषा—शैली लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र.14 संधि विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए । (02 अंक)

(क) मनोरथ (ख) प्रतिदिन

अथवा

समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(क) ऋणमुक्त (ख) नीलकंठ

प्र.15 बच्चे माता पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते है ? (02 अंक)

अथवा

जार्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे?

प्र.16 खंडकाव्य की परिभाषा लिखते हुए किन्ही दो खंडकाव्य के नाम एव उनके रचयिता के नाम लिखिए। (03 अंक)

अथवा

महाकाव्य के बारे मे लिखते हुए किन्हीं दो महाकाव्य के नाम एव उनके रचयिता के नाम लिखिए।

प्र.17 मुहावरों का अर्थ एव वाक्य मे प्रयोग लिखिए- (03 अंक)

(क) लू उतारना (ख) आग बबूला होना (ग) थू–थू करना

अथवा

'लोकोक्ति' का अर्थ एवं परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.18 'मेरे जीवन का उद्‌देश्य' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (03 अंक)

अथवा

परीक्षा की तैयारी पर दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए।

प्र.19 अपठित गद्‌यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (03 अंक)

आप हमेशा अच्छी जिन्दगी जीते आ रहे हैं। आप हमेशा बढ़िया कपड़े, बढ़िया जूते, बढ़िया घड़ी बढ़िया मोबाईल जैसे दिखावों पर बहुत खर्च करते हैं मगर आप अपने शरीर पर कितना खर्च करते हैं ? इसका मूल्यांकन जरूरी है। यह शरीर अनमोल है। अगर शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो आप ये सारे सामान किस पर टाँगेंगे ? अतः स्वयं का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है एवं स्वस्थ रहने में हमारे खान–पान का सबसे बड़ा योगदान है।

प्रश्नः–

(क) उपर्युक्त गद्‌यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) अनमोल क्या है ?

(ग) अनमोल एवं 'स्वस्थ' का विलोम शब्द लिखिए।

अथवा

अपठित पद्‌यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो।
श्रम की पूंजी से अपना काज सँवारो।।
श्रम की सीपी में जब मोती बनता है।
तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है।।
मिट जाता है फिर दैन्य स्वयं ही क्षण में।
छा जाती है नवदीप्तिधरा के कण में।।
जागो–जागो तुम श्रम से नाता जोड़ो।
पथ चुनो कर्म का अलस भाव सब छोड़ो।।

प्रश्नः–

(क) उपर्युक्त पद्‌यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) श्रम का क्या महत्व है ?

(ग) उपर्युक्त पद[illegible] लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र20 पद्यांश का सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए (04 अंक)

कहेउ लखन मुनि सीलु तुम्हारा। को नहि जान बिदित ससारा।।
माता पितहि उरिन भए नीके। गुररिनु रहा सोच बड़ जी कें।।
सो जनु हमरेहि माथे काढ़ा। दिन चलि गये ब्याज बड़ बाढ़ा।।
अब आनिअ ब्यवहरिआ बोली। तुरत देउँ मै थैली खोली।।

अथवा

बादल गरजो !
घेर घेर घोर गगन धाराधर ओ!
ललित ललित काले घुँघराले
बाल कल्पना के से पाले
विद्युत–छबि उर मे कवि, नवजीवन वाले !
वज्र छिपा नूतन कविता
फिर भर दो–
बादल गरजो

प्र21 गद्यांश की सन्दर्भ–प्रसग सहित व्याख्या लिखिए– (04 अंक)

पूरी बात तो अब पता नहीं, लेकिन लगता है कि देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत अनुमान और उपलब्ध बजट से कहीं बहुत ज्यादा होने के कारण काफी समय ऊहापोह और चिट्ठी–पत्री मे बरबाद हुआ होगा और बोर्ड की शासनावधि समाप्त होने की घड़ियों में किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा। https://www.mpboardonline.com

अथवा

भादो की वह अँधेरी अधरतिया। अभी, थोडी ही देर पहले मूसलधार वर्षा खत्म हुई है। बादलों की गरज,बिजली की तडप मे आपने कुछ नहीं सुना हो, किन्तु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र–टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकती ।

प्र22 अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन–पत्र लिखिए। (04 अंक)

अथवा

वाद–विवाद प्रतियोगिता मे प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.23 किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए। (04 अंक)

i. कोविड–19
ii. मेरे सपनो का भारत
iii. विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
iv. विज्ञान के बढते चरण
v. साहित्य की समाज में उपयोगिता

——xx——

https://www.mpboardonline.com